दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 21 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 294

महत्वपूर्ण एवं खास

21 दिनों में 3.75 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जम्मू (आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा के दौरान अब तक करीब 3.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जबकि शनिवार को 3,471 तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना हुए।अधिकारियों ने बताया कि इस साल 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से पिछले 21 दिनों में करीब 3.75 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पडऩे के बावजूद शुक्रवार को 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। एक अधिकारी ने बताया, शनिवार को 3,471 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 3 बजे 35 वाहनों में 1,073 यात्रियों पहला जत्था बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि 3.45 बजे 79 वाहनों में 2398 यात्रियों का दूसरा जत्था दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। इस वर्ष यह यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी।

गुरदासपुर : नहाने गए सरपंच को डूबता देख दो दोस्तों ने लगाई छलांग, तीनों डूबे, एक का शव बरामद

गुरदासपुर (आरएनएस)। पंजाब के बटाला स्थित गांव अलीवाल की अप्परबारी दुआब नहर में सरपंच समेत तीन युवक डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है।बताया जा रहा है कि गांव भरथवाल के सरपंच रणबीर सिंह शुक्रवार को नहर में नहाने के लिए गए थे। पानी का बहाव तेज होने के चलते वह डूबने लगे, सरपंच को बचाने के लिए उनके दो साथियों मक्खन उर्फ मखु और करतार सिंह ने नहर में छलांग लगा दी लेकिन पानी के साथ वो भी बह गए। जब आसपास के लोगों ने तीनों को डूबते हुए देखा तो जिला प्रशासन को सूचित किया। प्रशासन ने जल्द से जल्द पानी के बहाव को रोका और गोताखोर की मदद से सरपंच समेत तीनों की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह एक व्यक्ति मक्खन सिंह के शव को बरामद कर लिया गया है और बाकियों की तलाश जारी है। वहीं मृतक के परिजनों ने कहा कि यह तीनों घर से नहाने के लिए गए थे, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के चलते तीनों पानी में डूब गए। उन्होंने बताया कि साथियों ने अपनी पगड़ी उतार कर सरपंच को बचाने की कोशिश की, लेकिन जब पगड़ी से बात नहीं बनी तो उन्होंने भी पानी के तेज बहाव में छलांग लगा दी और वह भी डूब गए।

लंच ब्रेक के बाद धड़ाम से गिरी स्कूल की दीवार, 6 बच्चे घायल

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के वडोदरा में एक स्कूल में बच्चे लंच ब्रेक में खाना खा रहे उसी पर एक स्कूल की दीवार गिर गई। इस घटना में छह बच्चे दीवार के साथ नीचे जा गिरे। नीचे गिरे छह बच्चों को चोट आई है, हालांकि कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। एक बच्चे को ज्यादा चोट आई है। सभी जख्मी हुए बच्चों को मेडिकल ट्रीटमेंट दिलवाया गया है। जब यह घटना घटी तो बच्चे बुरी तरह से कांप गए। दूसरी कक्षाओं के बच्चे भी बुरी तरह से सहम गए। स्कूल की बिल्डिंग चार मंजिल की है। स्कूल में दीवार में गिरने यह घटना वडोदरा के वाघोडिया रोड पर आने वाले गुरुकुल चौराहे के पास श्री नारायण विद्यालय में हुई। घटना की सीसीटीवी फुटेज में कुछ सेकेंड पहले तक बच्चे आराम से लंच ब्रेक में खाना खा रहे थे। तभी दीवार गिर जाती है। बच्चे बुरी तरह से कांप जाते हैं और फिर दूसरी तरफ को भागते हैं। वडोदरा में यह घटना जब घटी तब वडोदरा के प्रभारी और राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी शहर में ही थे। वह एक वार्ड-2 के कॉरपोरेटर के फंक्शन में पहुंचे थे। वडोदरा में इससे पहले हरनी नाव हादसे में 12 बच्चों की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्कूल की बिल्डिंग काफी जर्जरित है, हालांकि स्कूल प्रबंधन का दावा है उसके पास तमाम जरूरी सर्टिफिकेट और दस्तावेज हैं। पुलिस ने घायल बच्चों के परिजनों के साथ स्कूल प्रबंधन से बयान दर्ज किया। पुलिस ने अनुसार पूर मामले की जांच की जाएंगी, हालांकि इस घटना के बाद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। जांच में पता चला है कि इस स्कूल का संचालन के सी पटेल द्वारा किया जा रहा है। यह भी सामने आया है कि दीवार पहली मंजिल के कमरे की गिरी।

कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 2000 सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

वाराणसी । आरएनएस

सावन के पावन महीने में कांवड़ यात्रा की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। इसके चलते वाराणसी के विश्व विख्यात काशी विश्वनाथ मंदिर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पुलिस-प्रशासन कांवडिय़ों की सुविधा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया है। जिन मार्गों पर साफ-सफाई की जरूरत है। सडक़ों में गड्ढे हैं, उनसे संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के साथ भी इस संबंध में बैठक हो गई है। जिन रास्तों से कांवडिय़ां गुजरेंगे, वहां मीट की दुकानें बंद रहेंगी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि कांवडिय़ों को यात्रा के दौरान कोई समस्या न हो इसका भी खास ख्याल रखा जा रहा है। प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़ रूट पर पुलिस की तीन-तीन चौकियां बनाई जा रही हैं। उन मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए पानी, शौचालय और मेडिकल जैसी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

यातायात को नियंत्रण में रखने के लिए रूट डायवर्जन भी किया जा रहा है, ताकि कांवडिय़ों और स्थानीय लोगों को आवाजाही में समस्या नहीं हो सके। काशी विश्वनाथ मंदिर पर भी सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की जा रही है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकने के लिए यात्रा के दौरान 10 आईपीएस, 15 एडीशनल एसपी, 15 डिप्टी एसपी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पीएसी की तीन कंपनी और एटीएस की टीम भी तैनात रहेगी।

स्ट्रैटिजिक प्वाइंट के लिए एक विशेष क्यूआरटी टीम भी हथियारों के साथ मौजूद होगी। इस दौरान 2,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहेगी। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर की निगरानी की जाएगी।

कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

गाजियाबाद । आरएनएस

यूपी में 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। 22 जुलाई की आधी रात से भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है वहीं हल्के वाहनों की 27 जुलाई से एंट्री पूरी तरह से बैन रहेगी।

इसके मुताबिक भारी वाहनों का तुलसी निकेतन बॉर्डर, सीमापुरी बॉर्डर, आनंद विहार बॉर्डर से गाजियाबाद शहर में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उस दिशा से आने वाले सभी वाहन चौधरी चरण सिंह मार्ग (रोड नं0- 56) का प्रयोग कर यूपी गेट (गाजीपुर बॉर्डर) होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 09 का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे।

दिल्ली से हरिद्वार, अमरोहा, मुरादाबाद, लखनऊ आदि स्थानों को जाने वाले वाहन यूपी गेट (गाजीपुर बॉर्डर) से प्रवेश कर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 का प्रयोग कर डासना चौराहे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे होते हुए निकलेंगे। बागपत से दिल्ली की ओर आने वाले वाहन सोनिया विहार के रास्ते आगे बढ़ेंगे।

हापुड़ और बुलंदशहर से आने वाले वाहन भी दूसरे मार्ग से प्रवेश करेंगे। ये वाहन गाजियाबाद शहर की जगह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जाएंगे। बता दें कि दिल्ली, हापुड़ व लाल कुआं की ओर से आने वाले वाहन भी आत्माराम स्टील प्लांट तिराहा से शहर की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन भी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 का प्रयोग कर सीधे निकलेंगे।

लोनी बॉर्डर से लोनी कस्बे की ओर जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही संतोष मेडिकल कट से मेरठ तिराहा की ओर जाने वाले वाहनों का प्रवेश भी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

भारी वाहनों को गौड़ ग्रीन, खोड़ा, काला पत्थर, सेक्टर 62, छिजारसी और कनावनी पुस्ता से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 के माध्यम से इंदिरापुरम क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग, पाइपलाइन मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही हापुड़, भोजपुर से मोदीनगर की ओर आने वाले वाहनों के प्रवेश पर भी पूरी तरह से पाबंदी होगी। वसुंधरा फ्लाईओवर से मोहननगर की ओर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

दूसरी एडवाइजरी 27 जुलाई से 5 अगस्त (रात 8 बजे) तक के लिए जारी की गई है। जिसमें हल्के वाहनों (जिनमें तीन पहिया और चार पहिया वाहन शामिल) का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा।

यूपीएससी के चेयरमैन मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा, कार्यकाल पूरा होने से पहले छोड़ा पद

नई दिल्ली । आरएनएस

संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी ने इस्तीफा दे दिया है। कार्यकाल पूरा होने से पहले उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, सोनी ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। जून के आखिरी सप्ताह में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। फिलहाल उनका इस्तीफा स्वीकार होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

मनोज सोनी का कार्यकाल 2029 में समाप्त होने वाला था, इससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। सोनी ने 2017 में यूपीएससी में बतौर सदस्य ज्वॉइन किया था। 16 मई 2023 को उन्हें यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बनाया गया। तीन बार वाइस चांसलर रहे डॉ. सोनी के नाम सबसे कम उम्र के कुलपति का रिकॉर्ड रहा है।

उन्हें 2005 में पीएम मोदी ने वडोदरा के एमएस विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया था, उस वक्त वह सिफर् 40 वर्ष के थे। मनोज सोनी ने 2015 तक डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू) के कुलपति के रूप में भी दो कार्यकालों तक कार्य किया। जोकि गुजरात सरकार द्वारा स्थापित बीएओयू दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सूत्रों की मानें तो मनोज सोनी गुजरात में स्वामीनारायण संप्रदाय की एक शाखा, अनुपम मिशन को अधिक समय देना चाहते हैं। 2020 में दीक्षा प्राप्त करने के बाद वे मिशन के भीतर एक साधु या निष्काम कर्मयोगी बन गए।

नहीं रहीं ऑर्गेनिक खेती के लिए नंगे पांव गांव-गांव घूमने वाली कमला पुजारी, पद्मश्री पुरस्कार से हो चुकीं सम्मानित

कटक (आरएनएस)। पद्मश्री पुरस्कार विजेता कमला पुजारी का आज सुबह 5.45 बजे दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। दो दिन पहले उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण एससीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कमला पुजारी ओडिशा के कोरापुट की रहने वाली थी। कमला पुजारी को 2019 में जैविक खेती को बढ़ावा देने और स्वदेशी बीजों की 100 से अधिक किस्मों के संरक्षण के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था। पुजारी ने कई गांवों की यात्राएं नंगे पांव की। उन्होंने किसानों, खासकर महिलाओं को जैविक खेती और जैविक उर्वरकों के उपयोग के बारे में सिखाया। पद्मश्री कमला पुजारी ऑर्गेनिक खेती के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए गांवो में नंगे पाँव घूमती थी, जिसको लेकर लोग उन्हें जानने लगे थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यूजी नीट परीक्षा परिणाम दोबारा जारी

नई दिल्ली । आरएनएस

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दोबारा यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। एनटीए ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा के परिणाम अपलोड किए हैं।

परीक्षा के परिणाम शहर और केंद्र के अनुसार अलग-अलग घोषित किए गए हैं। इसमें छात्रों की पहचान गुप्त रखी गई है। परीक्षा के नतीजे ऑनलाइन माध्यम से एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

यूजी नीट परीक्षा के रिजल्ट जारी होने के बाद अब जल्द ही काउंसलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों की रैंक के अनुसार उन्हें तय काउंसलिंग सेंटर पर पहुंच कर अपना दाखिला कराना होगा। काउंसलिंग की प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थी डेंटल, आयुष और नर्सिंग स्नातक प्रवेश पाठ्यक्रमों में हिस्सा ले सकेंगे।

बता दें कि इस साल नीट यूजी परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी। इसमें 2,40,6079 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 2,33,3297 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। इसके बाद एनटीए से जारी पहले परीक्षा परिणाम में 1,31,6268 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था।

बाद में इसमें धांधली का मामला सामने आया जिस पर देश भर में हंगामा मचा। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और इसके रिजल्ट को दोबारा घोषित करने की याचिकाएं डाली गई थी। जिसके बाद एनटीए ने फिर से परीक्षा के परिणाम शनिवार 20 जुलाई को घोषित कर दिए।

एलजी के प्रधान सचिव ने लिखा पत्र, जेल में डाइट चार्ट का पालन नहीं कर रहे केजरीवाल, इसलिए हो रहा वजन कम

नई दिल्ली । आरएनएस

आम आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन लगातार कम हो रहा है। अब आप के इसी आरोप के जवाब में उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के प्रधान सचिव ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री पर जेल प्रशासन द्वारा खाने के संबंध में निर्धारित की गई समय सारिणी के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री जानबूझकर खाना नहीं खा रहे हैं। इससे उनका वजन लगातार कम हो रहा है।

दिल्ली राज निवास ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में मुख्य सचिव नरेश कुमार को ये पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है, केजरीवाल के लिए घर से प्रतिदिन खाना आता है, लेकिन इसके बावजूद भी वो इसका सेवन ना करते हुए लो कैलोरी वाली फूड ले रहे हैं। कई दफा जेल प्रशासन की ओर से उन्हें समय पर आहार लेने का सुझाव दिया जा चुका है, लेकिन वो इन सुझावों को दरकिनार कर अपने मन-मुताबिक काम कर रहे हैं। उनके रवैये से लग रहा है कि उन्हें अपने स्वास्थ्य की तनिक भी चिंता नहीं है।

पत्र में कहा गया है कि 6 जून से लेकर 13 जुलाई के बीच की डाइट चार्ट से पता चलता है कि वो जानबूझकर कम कैलोरी वाली डाइट का सेवन कर रहे हैं। पहले उनका वजन 63.5 किलोग्राम था, जो कि अब घटकर 61.5 किलोग्राम हो गया है और यह सब कुछ उनके द्वारा कम कैलोरी वाले फूड लेने की वजह से हो रहा है।

पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री को ब्रेकफास्ट से पहले 5 यूनिट इंसुलिन लेने की सलाह दी गई है। इसी तरह लंच और डिनर से पहले भी उन्हें इंसुलिन लेने की सलाह दी गई है। उन्हें जेल प्रशासन की ओर से समय पर इंसुलिन मुहैया कराई जाती है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि मुख्यमंत्री जिस तरह से डाइट नहीं ले रहे हैं, उस पर बीते दिनों उपराज्यपाल ने चिंता भी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि अगर केजरीवाल समय पर और उचित मात्रा में भोजन का सेवन नहीं करेंगे, तो उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

दिल्ली के राज निवास से जारी किए गए इस पत्र के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेताओं में इसे लेकर रोष देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के जरिए आम आदमी पार्टी के नेता इस पत्र को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं।

उधर, एलजी के प्रधान सचिव के इस खत पर दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, शराब घोटाले के आरोप में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक और साजिश का पर्दाफाश हुआ है। तिहाड़ जेल के सुपरिटेंडेंट की चि_ी अब सार्वजनिक हो चुकी है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिन्हें घर का खाना दिया जाता है, वो अब जानबूझकर लो कैलोरी वाली फूड ले रहे हैं। उन्होंने 6 जून से 13 जुलाई तक के बीच खाने की मात्रा कम की है। वो लगातार अपनी डाइट को कम कर रहे हैं, जिससे उनका वजन कम हो जाए, ताकि वो सहानुभूति न्यायालय के सामने रख सकें और बेल मिल जाय।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की तीन गाड़ियां आपस में टकराईं, सभी सुरक्षित

पीलीभीत । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की तीन गाडिय़ां आपस में टकरा गईं। हालांकि इस दौरान किसी को चोट नहीं आई है, सभी सुरक्षित हैं। मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि शनिवार को जितिन प्रसाद अपना एक कार्यक्रम खत्म कर आगे जा रहे थे। इसी बीच सडक़ पर एक गड्ढा आने पर ब्रेक लगाने से उनके काफिले की तीन गाडिय़ां आपस में टकरा गईं। लेकिन किसी को चोट नहीं आई है।

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत पहुंचे। शहर में प्रेसवार्ता के बाद वह मझोला इलाके में बाढ़ पीडि़तों से मिलने के लिए जा रहे थे। बिरहनी जाने वाले मार्ग पर जितिन प्रसाद के काफिले में चल रही एस्कॉर्ट की गाडिय़ां आपस में भिड़ गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है, लेकिन तीनों गाडिय़ां कुछ क्षतिग्रस्त हो गईं।

इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद दूसरी गाड़ी में सवार होकर अपने आगे के कार्यक्रम में चले गए। ज्ञात हो जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। उन्हें मोदी सरकार में मंत्री बनाया गया है। इसके पहले वह योगी सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रह चुके है। वह दो बार के सांसद भी हैं।

प्रवासियों से भरी नाव में अचानक लगी आग, 40 लोग जिंदा जले- 41 को सुरक्षित बाहर निकाला

संयुक्त राष्ट्र

उत्तरी हैती के तट पर एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के हवाले से ये जानकारी दी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, हैती के राष्ट्रीय प्रवासन कार्यालय के अनुसार, दो दिन पहले 81 से अधिक लोगों को लेकर नाव लैबडी से रवाना हुई थी, जो तुर्क और कैकोस द्वीप समूह की 250 किलोमीटर की यात्रा थी।

उत्तरी हैती में कैप हैतियन के तट पर नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हो गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि हैती के तट रक्षक बल ने 41 लोगों को बचाया और उन्हें अधिकारियों के सहयोग से आईओएम द्वारा चिकित्सा देखभाल, भोजन, पानी और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ग्यारह लोगों को उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। हैती में आईओएम के प्रमुख ग्रेगोइरे गुडस्टीन ने कहा कि यह घटना प्रवास के लिए सुरक्षित मार्गों की जरूरत को दर्शाती है। आईओएम के अनुसार, इस वर्ष पड़ोसी देशों द्वारा 86,000 से अधिक प्रवासियों को जबरन हैती वापस भेजा गया है।

जालंधर में आर्मी वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, 6 जवान घायल

जालंधर । आरएनएस

पंजाब के जालंधर में लुधियाना हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। एक निजी कंपनी के ट्रक से आर्मी का वाहन टकरा गया, जिसमें 6 जवान घायल हो गए। घायलों में सभी आर्मी के जवान हैं। घायलों को आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसा शनिवार सुबह 6 बजे हुआ। हादसे के बाद निजी कंपनी ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि जालंधर के सूची पिंड के पास बने इंडियन ऑयल डिपो के पास हाईवे पर एक आर्मी की गाड़ी पीएपी चौक से पठानकोट चौक की तरफ जा रही थी। उसी वक्त उसी रास्ते से एक निजी कंपनी का ट्रक भी जा रहा था। हादसा इसी के ट्रक का टायर फटने की वजह से हुआ। टायर फटने की वजह से ट्रक बेकाबू हो गया और सडक़ पर बने डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी तरफ जा रहे आर्मी के ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि आर्मी का ट्रक पलट गया।

हादसे में आर्मी के 6 जवान घायल हो गये। घायलों को लुधियाना आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

घटना की जानकारी होते ही तुरंत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद से ट्रक का ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इसके साथ ही मामले की जांच जारी है।

दोनों ट्रकों की टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सडक़ पर गिर गया, जिससे हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। पुलिस जाम खुलवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक ट्रैफिक को सुचारू रूप से चालू नहीं करवाया जा सका है।